53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 23.5°c | अधिकतम 37.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:49, सूर्यास्त - 6:47 | वर्ष : 53/ अंक : 106 | शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025 | वैशाख, कृष्ण पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

भविष्य को सुधारना है तो मेहनत आज से करनी होगी, भविष्य आज से होकर गुजरता है।

जिन्होंने भ्रष्टाचार,जातिवाद, माफियावाद,परिवारवाद से अपना सम्राज्य खड़ा किया, वही लोग मुर्शिदाबाद मामले पर मौन हैं : योगी

यही दुर्गुण तो उन्हें बोलने नहीं देते.....

# पति-पत्नी के रिश्तों पर लग रहे दाग, प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या कर छोड़ दिया सांप

## 1000 रुपये देकर मंगाया था सांप, मुजफ्फरनगर की निवासी निकली मेरठ में पति की हत्या करने वाली रविता

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** सात जन्मों के नाम पर फेरे लेने वाले रिश्ते अब सिर्फ तार-तार ही नहीं हो रहे, बल्कि एक-दूसरे को मौत के घाट उतार रहे हैं और ऐसी घटनाएं एक के बाद एक लगातार सामने आ रही हैं। नीले रंग के ड्रम के बाद एक और खौफनाक घटना सामने आई है, जहां मेरठ की रहने वाली रविता ने अपनी ही पति अमित कश्यप को गत 12 अप्रैल को इस तरह से मौत के घाट उतारा कि परिजनों को पता ही नहीं चल सके कि आखिर किस तरह से उसके पति की मौत हुई है। दरअसल मामला मुजफ्फरनगर जनपद के रामराज से सटे गांव बहसूमा के अकबरपुर सादात का है। पूरे मामले का खुलासा पुलिस ने कल गुरूवार को किया।

आपको बता दें कि 8 साल पहले मेरठ जनपद निवासी अमित का विवाह मुजफ्फरनगर की रहने वाली रविता के साथ

अमित और रविता के फाइल फोटो

हुआ था। शादी के 8 साल बाद एकाएक उसे अमरदीप से प्रेम हो गया। अमरदीप रविता के पति के साथ ही पत्थर लगाने का काम करता था और इसी बीच रविता और अमरदीप का अफेयर हो गया, जिसकी भनक अमित को भी नहीं लगी। दोनों ने अमित को बीच राह से हटाने के लिए एक ऐसी साजिश रची, जिसे सुनकर अपराधिक साजिश करने वाले भी हैरत में पड़ गए। प्रेमी अमरदीप ने रविता को उस समय फोन किया, जब वह अपने पति अमित के साथ मां शाकुंभरी देवी दर्शन के लिए गई हुई थी और फोन करके कहा कि सांप की व्यवस्था कर ली है। आज रात ही अमित की हत्या करनी है और यह भी बताया कि महमूदपुर से खेड़ा से 1000 रुपये देकर सांप खरीदा है। अपनी योजना के अनुसार शाकुंभरी देवी के दर्शन से लौटने के बाद रविता ने अमित से झगड़ा किया और अमरदीप को फोन करके अपने घर बुला लिया और लड़-झगड़कर अमित सो गया, तो प्रेमी अमरदीप व रविता ने मिलकर अमित की गला घोटकर हत्या कर दी। उसके बाद उसी सांप का इस्तेमाल किया। हत्या के बाद यह दिखाने के लिए की सांप के डसने से अमित की हत्या हुई है। शाम को अमित के पास छोड़ दिया। दिन निकलते ही जब अमित देर तक नहीं उठा, तो परिवार के लोग उसके कमरे में पहुंचे, तो उन्होंने अमित मृत पाया। परिजनों ने यही अंदाजा लगाया कि अमित की मौत सांप के काटने से हुई है। अमित के पोस्टमार्टम के बाद अजीबो-गरीब खुलासा हुआ कि अमित की मौत सांप के डसने से नहीं, बल्कि दम घुटने से हुई है। इसी शक के आधार पर पुलिस ने सारे मामले का खुलासा कर दिया। अमरदीप व रविता को गिरफ्तार कर उन्हीं से कबूल कराया कि किस तरह से दोनों ने मिलकर अमित की हत्या की है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मां बोली- उसकी बेटी निर्दोष, पुलिस ने पिटाई कर जबरदस्ती कराई हाँ

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ में अपने पति की हत्या करने वाली रविता की माँ मुनेश से जब मीडिया जानकारी लेने के लिए तितावी थाना क्षेत्र के गांव बघरा पहुंची तो मुनेश ने बताया कि उन्हें गुरूवार की सुबह घटना का पता चला और जब परिवार के लोग मेरठ थाने पहुंचे तो उन्होंने थाने में ही महिला पुलिसकर्मियों को अपनी बेटी रविता के साथ मारपीट करते देखा। मुनेश का आरोप है कि महिला पुलिसकर्मियों ने पिटाई करते हुए कहा कि जैसा हम कहेंगे, वैसा चुपचाप कबूल कर लेना। पिटाई के बाद पुलिसकर्मियों द्वारा रविता की वीडियो बयान जबरदस्ती बनवाया गया, जिसमें रविता द्वारा कबूल किया गया कि अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसने अपने पति की हत्या की है।

## रिपोर्ट में हुआ खुलासा, पहले की गयी दम घोटकर हत्या, बाद में दस बार डसा सांप ने

**मुजफ्फरनगर।** रविता और उसके प्रेमी अमरदीप द्वारा अमित की हत्या के बाद जब पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया तो वास्तव में हैरान कर देने वाली बात सामने आई। दरअसल अमित को सांप छोड़ने से पहले ही दम घोटकर मार दिया गया था। बाद में यह दिखाने के लिए सांप को उसके मृत शरीर के पास छोड़ा गया कि जिससे सुबह जब परिवार के लोग

अमित कश्यप, मृतक | रविता आरोपी पत्नी | अमरजीत, आरोपी प्रेमी

सांप को कमरे में देखें तो यही अंदाजा लगाएं कि सांप के डसने से उसकी मौत हुई है। मगर रिपोर्ट में साफ तौर पर खुलासा हुआ कि अमित को सांप ने दस बार डसा, मगर यह सब अमित की मौत के बाद का खेल था। अमित की मौत के बाद उसके बिस्तर पर वायपर सांप छोड़ा गया। माना जा रहा है कि अपराधियों जैसी शातिर घटना यह शायद पहली बार हुई होगी, जिसमें खुद हत्या कर प्रेमी जोड़े ने सांप से मौत होना दर्शाया हो। यदि अमित का पोस्टमार्टम पुलिस न कराती तो यह बात यहीं के यहीं दफ़ हो जाती और अमित की हत्या का खुलासा ही न हो पाता।

# चित्रकूट जेल में बंद पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के समधी पूछताछ के लिए बुलाए गए थाने और भेज दिये गए जेल

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** शाहनवाज राणा की मुश्किलें अभी कम नहीं हुई थी कि अब उनके ससुरालियों का भी नम्बर लग चुका है। आपको बता दें कि शाहनवाज राणा के समधी पर जेल में सिम पहुंचाने का आरोप लगा था, जिसकी पूछताछ के लिए बुधवार को शाहनवाज राणा के समधी पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी नई मण्डी थाने में पहुंचे थे, जहां से पूछताछ के बाद गुरूवार को पुलिस ने उनका मेडिकल कराया और दस दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। आरोपी पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी लगभग पांच घंटे तक कोर्ट में मौजूद रहे। नई मण्डी कोतवाली में हुई पूछताछ के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में मौहम्मद गाजी को मुल्जिम बनाते हुए बुधवार की रात ही गिरफ्तार कर लिया था, जिन्हें गुरूवार को एसीजेएम प्रथम डॉ. देवेन्द्र चौधरी की कोर्ट में पेश किया गया। लगभग 12 बजे पुलिस उन्हें लेकर कोर्ट पहुंची और पांच के बजे के बाद कोर्ट ने मौहम्मद गाजी को दस दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दे दिये। भारी सुरक्षा के बीच उन्हें जेल भेजा गया। वरिष्ठ अधिवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को मौहम्मद गाजी की जमानत के लिए सेशन कोर्ट में अर्जी दाखिल की जाएगी।

# पंचायत तो थी फैसले की, जरा सी उठी बात में चले जमकर लात-घूंसे

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** मुजफ्फरनगर के थाना मंसूरपुर क्षेत्र के संधावली गांव में एक पंचायत में फैसला होने से तो रहा बल्कि पंचायत में पति-पत्नी के बीच गर्मजोशी ने हिंसक रूप ले लिया। पंचायत में

**दबंग पति ने ससुरालियों पर फेंकीं कुर्सियां**

सुलह-समझौते की कोशिश चल रही थी, लेकिन बात बिगड़ते ही पति पक्ष ने अपना आपा खो दिया और दबंगों के साथ लड़की पक्ष पर हमला बोल दिया। इस हमले में मारपीट, लात-घूंसे, कुर्सियां एक दूसरे पर फेंकी गई। इतना ही नहीं, मारपीट के बाद कई राउंड फायरिंग भी हुई, जिससे गांव में दहशत फैल गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हो गया है, जिसने पूरे मामले को और सुर्खियों में ला दिया। मिली जानकारी के अनुसार, संधावली गांव में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत में दोनों पक्षों के लोग मौजूद थे और सुलह-समझौते की बात चल रही थी, लेकिन अचानक पति पक्ष ने अपना आपा खो दिया और लड़की पक्ष पर हमला कर दिया। हमले में पति अली रजा और उसके साथियों ने लड़की पक्ष के लोगों पर लात-घूंसे, कुर्सियां और लोहे के पाइप से हमला किया। इस दौरान मौके पर मौजूद महिलाएं छतों पर खड़ी चीखती-चिल्लाती रहीं, लेकिन हमलावरों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि हमलावर पति अली रजा गांव जटवाड़ा का रहने वाला है। उसने अपनी ससुराल संधावली के कुछ दबंग और गुंडा प्रवृत्ति के लोगों को बुलाकर इस वारदात को अंजाम दिया। मारपीट के बाद हमलावरों ने कई राउंड फायरिंग भी की, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से कई खोखे (खाली कारतूस) बरामद किए हैं। इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से सार्वजनिक हो रहे हैं, जिसमें हमलावरों की गुंडागर्दी साफ दिखाई दे रही है। वीडियो में चीख-पुकार, मारपीट और लोगों के बीच हंगामा देखा जा सकता है। इस वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि हमलावर दबंग प्रवृत्ति के हैं और उनकी गुंडागर्दी से गांव में पहले भी लोग परेशान रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही थाना मंसूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गए।

**इन्होंने कहा...**

"घटना की जानकारी देते हुए सीओ रूपाली राव ने बताया कि, "ग्राम संधावली में झगड़े की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो मौके से एक खोखा बरामद किया गया है। लड़के पक्ष की और से फायरिंग भी की गई है, घटना के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।"

# पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की और हुई घेराबंदी, अब जमीन कब्जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** 5 दिसम्बर से जेल में बंद पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की लगातार घेराबंदी होती दिखाई पड़ रही है। एक के बाद एक मुकदमे से यही आभास हो रहा है कि शायद अभी वर्षों शाहनवाज राणा जेल में ही रहेंगे। पहले जीएसटी टीम से मारपीट, उसके बाद जीएसटी चोरी फिर जेल में जेलर को धमकी, मोबाइल बरामदगी उसके बाद अब शाहनवाज राणा व उनके साले कामरान राणा समेत तीन के खिलाफ जमीन कब्जाने का मामला मंसूरपुर थाने में दर्ज कर लिया गया है। आरोप है कि एक जमीन मालिक को उक्त तीनों द्वारा हत्या की धमकी दी गयी थी। कुल मिलाकर अब तक शाहनवाज राणा पर चार माह के अंदर यह पांचवा मुकदमा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला दक्षिणी कृष्णापुरी निवासी रई मौहम्मद जैदी मूल निवासी संधावली थाना मंसूरपुर ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि मौहम्मद जैदी की संधावली गांव में खेती की जमीन है। उसी की जमीन के बराबर में जेल में बंद पूर्व विधायक शाहनवाज

राणा व उनके साले कामरान राणा की बेनामी जमीन नायाब फात्मा के नाम से अभिलेखों में दर्ज है। जमीन की देखरेख शाहनवाज राणा का नौकर मुस्तकीम अंसारी निवासी संधावली करता है। आरोप है कि पूर्व विधायक व उनके साले की कागजों में 17 बीघा जमीन है। मगर यही जमीन मौके पर 30 से भी अधिक बीघा है। एक बीघा से अधिक खेत की जमीन उसकी भी कब्जाई गयी है। आरोप है कि पूर्व विधायक शाहनवाज व उसके साले कामरान राणा ने अपने नौकर मुस्तकीम के माध्यम से ही जमीन को जबरदस्ती खरीदने का दबाव बनवाया था, जिस कारण उसे रास्ता तक नहीं दिया जा रहा। आरोप यह भी है कि पूर्व विधायक व उसके साले के परिवार के लड़के और लड़कियां यहां आकर असलाह का प्रदर्शन करने के साथ साथ फायरिंग की घटना को भी अंजाम दे चुके हैं। यही मुस्तकीम जीएसटी टीम पर हमले के मामले में भी फैक्ट्री में शामिल था। मुस्तकीम के जरिये ही लगातार उसे जान से मारने की धमकी दिलवाई जा रही है। मंसूरपुर पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## राणा परिवार के अन्य सदस्यों को भी जारी किया जा सकता है नोटिस

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** शाहनवाज राणा से मिले सिम प्रकरण में उनके समधी के बाद अब राणा परिवार के सदस्यों को भी पुलिस द्वारा नोटिस दिया जा सकता है। सम्भवतः उन्हें भी थाने में तलब किया जायेगा और यह पूछताछ की जाएगी कि पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी ने परिवार के चार सदस्यों के नाम लिये हैं तथा शाहनवाज राणा तक सिम पहुंचाने से पहले इस सिम का इस्तेमाल राणा परिवार के किस सदस्य द्वारा किया गया, उन सभी से पुलिस कभी भी पूछताछ कर सकती है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी से पूछताछ के बाद पता चला है कि नौकर की आईडी पर सिम लेकर शाहनवाज राणा के परिवार को दिया गया था। पुलिस इस बात की भी खोज में लग गयी है कि उक्त सिम को किन-किन लोगों ने प्रयोग किया है, ताकि यह ज्ञात हो सके कि सिम जेल में पहुंचा कैसे।

## क्या है संधावली से जुड़ा पूरा मामला.... ?

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** खालापार थाना क्षेत्र निवासी रईस मौहम्मद जैदी ने मंसूरपुर थाना पुलिस को लिखित प्रार्थना-पत्र देते हुए बताया कि संधावली गांव में उसकी खेती की जमीन है। बराबर में ही पूर्व विधायक शाहनवाज राणा और उसके साले कामरान राणा की बेनामी जमीन किसी महिला के नाम से दर्ज है, जिसमें खेती होती है। जमीन की देखभाल कामरान का करीबी ग्राम संधावली निवासी करता है। ये लोग आस पास की जमीन को अपनी बताकर कब्जा करते रहे हैं। पूर्व विधायक शाहनवाज राणा व उसके साले कामरान राणा के पास 17 बीघे जमीन का बैनामा है, लेकिन मौके पर वह 30 बीघे से अधिक है। एक बीघे से अधिक खेत की जमीन उसकी भी कब्जाई जिसमें मंसूरपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करते हुए राणा सहित उसके सेल कामरान आदि को नामजद किया है।

## नवजात की मौत के बाद परिजनों ने लगाया अस्पताल पर ऑक्सीजन न मिलने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के रूड़की रोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में नवजात की तबीयत बिगड़ने के बाद भर्ती कराया गया जिसकी ऑक्सीजन समय से नही लगने पर मौत हो गई। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि बच्चे की डिलीवरी अन्य राज्य में होने के बाद उसको यहां लाया गया था दिल में छेद होने की वजह से नवजात को सांस लेने में दिक्कत हुई तो उसको रूड़की रोड़ स्थित अपेक्स हॉस्पिटल में ले जाया गया जब तक बच्चे को ऑक्सीजन लगाया जाता तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। परिजनों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने की बात कही गई और वो बिना पोस्टमार्टम के ही नवजात के शव को अपने साथ ले गए। थाना सिविल लाइन में मौजूद एसएसआई के पी सिंह ने बताया कि कोई तहरीर प्राप्त नहीं होने पर कार्रवाई नहीं की गई, परिजन स्वेच्छा से नवजात के शव को अपने साथ ले गए। जिसको सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के शिक्षकों को दी राहत

**नयी दिल्ली, 17 अप्रैल (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के उन शिक्षकों को गुरुवार को सशर्त एक बड़ी राहत दी, जिनकी नियुक्ति वर्ष 2016 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के आधार पर रद्द कर दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह राहत दी। पीठ ने यह राहत राज्य सरकार और पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग को कक्षा नौ से 12 तक के लिए सहायक शिक्षक के पदों की नई भर्ती के लिए 31 मई, 2025 तक नई विज्ञापन प्रकाशित करने और 31 दिसंबर, 2025 तक भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की शर्त पर दी है।

# मौजूदा वक्फ में पांच मई तक कोई बदलाव नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली, 17 अप्रैल (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए कहा कि मौजूदा वक्फ में अगली सुनवाई तक कोई बदलाव नहीं होने चाहिए। न्यायालय मामले की अगली सुनवाई पांच मई को करेगा।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद कहा, ''हम नहीं चाहते कि स्थिति बदले। पांच साल (इस्लाम का अभ्यास) जैसे प्रावधान हैं, जिन पर हम रोक नहीं लगा रहे हैं।'' पीठ के समक्ष श्री मेहता ने निवेदन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सात दिन के भीतर जवाब दाखिल करेगी और अगली तारीख तक परिषद या बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगली तारीख तक उपयोगकर्ताओं द्वारा वक्फ का स्वरूप नहीं बदलेगा, हालांकि उन्होंने तर्क दिया कि अदालत को वक्फ संशोधन अधिनियम, 1995 पर अप्रत्यक्ष रूप से रोक लगाकर कठोर रुख नहीं अपनाना चाहिए।

अदालत ने श्री मेहता का बयान दर्ज किया और जवाब दाखिल करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने सरकार के

जवाब पर याचिकाकर्ताओं को पांच दिन के भीतर जवाब दाखिल करने की अनुमति दी। पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए पांच मई, 2025 की तारीख मुकर्रर की। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा कि केवल पाँच रिट याचिकाओं पर विचार किया जाएगा और शेष को निपटाया हुआ माना जाएगा, क्योंकि 100 या 120 याचिकाओं पर विचार करना असंभव है। अदालत ने आदेश दिया कि 1995 के वक्फ अधिनियम और 2013 में किए गए संशोधनों को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं को सूची में अलग से दिखाया जाएगा। अदालत ने केंद्र के लिए कनु अग्रवाल को नोडल वकील नियुक्त किया। शुरुआत में, श्री मेहता ने कहा कि वह बुधवार को अदालत द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अदालत को केवल कुछ धाराएँ पढ़कर कानून पर रोक नहीं लगानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''कई संशोधन हुए, समितियाँ बनीं और लाखों लोगों ने प्रतिनिधित्व किया। गाँव छीने जा रहे हैं और निजी संपत्तियाँ वक्फ के तौर पर छीनी जा रही हैं।'' उन्होंने कहा कि अगर अदालत पक्षों की बात सुन ले तो कुछ नहीं बदलेगा। याचिका दाखिल करने वालों में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, आम आदमी पार्टी के दिल्ली के विधायक अमानतुल्लाह ख़ान और समाजवादी पार्टी सांसद ज़िया उर रहमान शामिल हैं। इनके अलावा ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा-ए-हिद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, वायएसआरसी पार्टी, समस्त केरल जमीयत उलेमा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और एसोसिएशन फ़ॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ सिविल राइट्स समेत कई संगठनों और लोगों की ओर से भी याचिकाएं दायर की गई हैं।

स्व. डॉ0 सुरेश संगल (पूर्व विधायक) की पुण्य स्मृति में

आँखों का

निःशुल्क विराट कैम्प

सौजन्य से- वरदान सेवा संस्थान, गाजियाबाद

रविवार, 20 अप्रैल 2025, प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक

स्थानः चिकित्सालय श्री दिगम्बर जैन मन्दिर अतिशय क्षेत्र वहलना, मु0नगर

शिविर में आने वाले सभी नेत्र रोगियों की जांच के बाद -

- जरूरी दवाई निःशुल्क मौके पर दी जायेगी।
- मोतियाबिन्द पाये जाने पर रोगी को संस्थान की बस द्वारा कैम्प से ही गाजियाबाद ले जाकर आधुनिक I.O.L. विधि से लैंस लगाते हुए ऑपरेशन किया जायेगा तथा अगले दिन सुबह रोगी को वापिस वहलना में ही छोड़ा जायेगा, किसी तीमारदार के साथ जाने की न जरूरत है और न साथ जा सकेगा।
- जांच, लैंस, ऑपरेशन, गाजियाबाद ले जाना व वापिस छोड़ना तथा रात्रि का खाना व विश्राम की व्यवस्था सभी पूर्णतः निःशुल्क रहेगी।
- वहलना आने व वहलना से वापिस लौटने की व्यवस्था रोगी को स्वयं करनी होगी।

रजिस्ट्रेशन पहले कहीं नहीं होगा, मौके पर ही सुबह 8.30 बजे शुरू किया जायेगा

निवेदकः-
अरविन्द संगल M.9760029801 | श्रीमती विनोद संगल M. 8279424567 | नितिन संगल M.9808040485 | जिज्ञासु संगल M.9910397145

कैम्प संयोजक- जैन मित्र मण्डल, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)

अन्य जानकारी व सहयोग के लिए सम्पर्क करें-
राजेन्द्र कुमार गोयल, मो.: 9412558209, 8791229209

# पंजाबी समाज सेवा समिति रजि. के कार्यक्रम की कुछ रंगारंग यादें

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# जगदीप धनखड़ बोले, अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं

## अनुच्छेद-142 न्यूक्लियर मिसाइल बना

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल (एजेंसी)।** राष्ट्रपति और राज्यपालों को विधेयकों को मंजूरी देने के लिए समय सीमा निर्धारित करने वाले सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के कुछ दिनों बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका के लिए कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते, जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ एक परमाणु मिसाइल बन गया है। मालूम हो कि संविधान का अनुच्छेद-142 सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता है कि वह पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों पर निर्णय लिये जाने के वास्ते समयसीमा निर्धारित करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के हाल के फैसले पर शुक्रवार को चिंता जताई और कहा कि भारत ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम स्वयं संभालेंगे और एक ह्यसुपर संसद' के रूप में कार्य करेंगे। धनखड़ ने यहां कहा कि हाल ही में एक फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है, हम कहां जा रहे हैं? देश में क्या हो रहा है? हमें बेहद संवेदनशील होना होगा। यह कोई समीक्षा दायर करने या न करने का सवाल नहीं है. हमने इस दिन के लिए लोकतंत्र का सौदा नहीं किया था। राष्ट्रपति को समयबद्ध तरीके से फैसला करने के लिए कहा जा रहा है और यदि ऐसा नहीं होता है, तो संबंधित विधेयक कानून बन जाता है।'' राज्यसभा के प्रशिक्षुओं के एक समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यपालिका का कार्य स्वयं संभालेंगे, जो सुपर संसद' के रूप में कार्य करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता।'' धनखड़ ने कहा कि उनकी चिंताएं बहुत उच्च स्तर'' पर हैं और उन्होंने अपने जीवन में'' कभी नहीं सोचा था कि उन्हें यह सब देखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि भारत में राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा है और राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण एवं बचाव की शपथ लेते हैं, जबकि मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसदों और न्यायाधीशों सहित अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और वह भी किस आधार पर संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। इसके लिए पांच या उससे अधिक न्यायाधीशों की आवश्यकता होती है...'' उपराष्ट्रपति निवास में राज्यसभा के 6वें बैच के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए, धनखड़ दिल्ली हाईकोर्ट के एक जज के घर से जले हुए नोटों के बंडल मिलने के मामले

पर भी बात की। उन्होंने कहा कि ''14 और 15 मार्च की रात को नई दिल्ली में एक न्यायाधीश के निवास पर एक घटना हुई। सात दिनों तक, किसी को इसके बारे में पता नहीं था। हमें अपने आप से सवाल पूछने होंगे, क्या देरी समझने योग्य है? क्षमा करने योग्य है? 21 मार्च को एक समाचार पत्र द्वारा खुलासा किया गया, कि देश के लोग पहले कभी नहीं हुए इतने स्तब्ध थे। वे किसी तरह के लिंबो में थे, इस विस्फोटक चौंकाने वाले खुलासे पर गहराई से चिंतित और परेशान थे। राष्ट्र बेचैन है, क्योंकि हमारी संस्थाओं में से एक, जिसे लोगों ने हमेशा सर्वोच्च सम्मान और श्रद्धा के साथ देखा है, कटघरे में डाल दिया गया।'' उन्होंने आगे कहा कि ''तीन न्यायाधीशों की एक समिति मामले की जांच कर रही है, लेकिन जांच कार्यपालिका का क्षेत्र है, जांच न्यायपालिका का क्षेत्र नहीं है, क्या समिति भारत के संविधान के तहत है? नहीं. क्या तीन न्यायाधीशों की यह समिति संसद से निकले किसी कानून के तहत कोई स्वीकृति रखती है?'' उन्होंने आगे कहा कि ''हम ऐसी स्थिति नहीं रख सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और वह भी किस आधार पर? संविधान के तहत आपके पास केवल एक अधिकार है अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना। वहां पांच या अधिक न्यायाधीश होने चाहिए। लड़के और लड़कियों, जब अनुच्छेद 145(3) था, तो सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या आठ थी, 8 में से 5, अब 30 और कुछ में से 5, लेकिन इसे भूल जाइए, न्यायाधीशों ने जो वस्तुतः राष्ट्रपति को एक आदेश जारी किया और एक परिदृश्य प्रस्तुत किया यह देश का कानून होगा, संविधान की शक्ति को भूल गए हैं।

# आए दिन हो रहे देश में नए-नए काम, अब मुजफ्फरनगर के एक युवक का ताजमहल पर गंगाजल छिड़कते वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** शाहजहां और मुमताज के प्रेम का प्रतीक बताए जाने वाले ताजमहल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरता दिख रहा है। देश में आए दिन इसी तरह की सुर्खियां बटोरने वाले बयान और वीडियो सामने आ जाते हैं। यह किसी को नहीं पता कि इन वीडियो के पीछे किसकी क्या चाहत है? कभी महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र खोदने की बात तो कभी राणा सांगा जैसे महान व्यक्ति पर घिनौने कटाक्ष करने से नेता गुरेज नहीं करते। वहीं अब राजपूत समाज के प्रदर्शन में शामिल होने गए एक युवक मुजफ्फरनगर के गांव शाहबुद्दीनपुर निवासी गौरव चौहान का सामने आया है, जिसमें गौरव चौहान ने एक बोतल में कथित रूप से गंगाजल बताए जाने वाले जल का छिड़काव ताजमहल पर किया है, जिसमें गौरव ताजमहल के विभिन्न हिस्सों और कब्र पर जल छिड़कता दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को बाकायदा शूट किया गया है और सवाल यह उठ रहे हैं कि इतनी कड़ी सुरक्षा के बाद किस तरह से कोई ताजमहल व कब्र पर जल छिड़क सकता है। इस मामले में गौरव ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि उसके हिसाब से ताजमहल में एक शिवमंदिर है, जिसे मुगलों ने ध्वस्त करके वहां महल बना दिया था। गौरव ने यह भी कहा कि ताजमहल पर गंगाजल छिड़कने के लिए यदि मुझे सजा भी मिलेगी तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। उसका विश्वास है कि जिस तरह से राम मंदिर बना है वैसे ही शिवमंदिर का पुनर्निर्माण होगा। गौरव ने अपने बयान में राजपूत, जाट, ब्राह्मण व अन्य जातियों को सनातन परिवार बताते हुए हिंसक और भड़काऊ भाषण का भी प्रयोग किया है। और एक सांसद के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए जुबान

काटने, टांग तोड़ने की भी धमकी दी है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला

# मां-बाप की मर्जी के बिना शादी करने वालों को नहीं मिलेगी सुरक्षा

**इलाहाबाद, 17 अप्रैल (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट का कहना है कि माता-पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर शादी करने वाले प्रेमी जोड़े पुलिस सुरक्षा का दावा नहीं कर सकते। कोर्ट ने कहा कि ऐसे लोग तब तक पुलिस सुरक्षा का दावा नहीं कर सकते, जब तक उनके जीवन और स्वतंत्रता को असल खतरा नहीं हो। जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव ने एक प्रेमी जोड़े की ओर से सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने कहा कि अपनी इच्छा से शादी करने वालों को पुलिस सुरक्षा का अधिकार नहीं है। सुरक्षा केवल तभी दी जा सकती है, जब उनके जीवन या स्वतंत्रता को किसी तरह का खतरा हो। कोर्ट ने कहा कि अदालत किसी भी कपल को उचित मामले में सिक्योरिटी मुहैया करा सकती है, लेकिन अगर उनके समक्ष किसी तरह का खतरा नहीं है, तो उन्हें एक-दूसरे का सपोर्ट करना और समाज का सामना करना सीखना चाहिए। कोर्ट ने दस्तावेजों और बयानों की जांच के बाद पाया कि जोड़े को कोई गंभीर खतरा नहीं है इसलिए याचिका का निपटारा कर दिया। बता दें कि याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि उनके परिवार वाले उनके शांतिपूर्ण वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप कर रहे हैं। यह फैसला उन जोड़ों के लिए महत्वपूर्ण है, जो माता-पिता की सहमति के बिना शादी करते हैं।

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 6481, दिनांक 20/6/2012 में मेरा नाम (पिता) गलती से बोबी शर्मा अंकित दर्ज हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम विशाल शर्मा है। उपरोक्त संशोधन हेतु शपथ पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जायेगा।

**विशाल शर्मा**
पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र कुमार
164, कुन्दनपुरा, बघरा ताँगा स्टैण्ड, मुजफ्फरनगर

**सम्मन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सदर, मुजफ्फरनगर**

वाद सं0 टी- 202409550113120 सन-2024

1. मनोज कुमार मित्तल, 2. रविकान्त मित्तल पुत्रगण श्री बिशेश्वर दयाल, 3. श्रीमति नीरा मित्तल पत्नी मनोज कुमार मित्तल, 4. श्रीमति नीलम मित्तल पत्नी रविकान्त मित्तल समस्त निवासीगण मकान नं0 129 अहाता औलिया शहर मुजफ्फरनगर तहसील सदर, जिला- मुजफ्फरनगर .....वादीगण

बनाम

1. श्रीमति फातमा बेगम पत्नी फाजिल, 2. अबुबकर नाबालिग आयु 13 साल पुत्र फाजिल द्वारा संरक्षिका फात्मा बेगम, 3. कु0 सना कुरैशी पुत्री फाजिल, 4. अहमद फराज, 5. मौ0 शाद, 6. फैसल अमान, 7. मौ0 फरहान पुत्रगण फाजिल निवासीगण मकान नं0 1 अबुपुरा कस्साबान शहर मुजफ्फरनगर परगना सदर तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। 8. नौशीब, 9. मौ0 इलियास पुत्रगण मो0 इस्माईल, 10. शहनाज बेगम पत्नी मौ0 इलियास (मृतका), 10/1-औसाफ 10/2-शावेज पुत्रगण मौ0 इलियास 10/3- कु0 बुशरा पुत्री मौ0 इलियसा निवासीगण मुजफ्फरनगर परगना तहसील व जिला- मुजफ्फरनगर 11-ग्राम पंचायत ग्राम बीबीपुर, परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा ग्राम प्रधान .....प्रतिवादीगण
मौजा-बीबीपुर
धारा-116 यू0पी0 आर0सी0-2006

दरगाह वादी ने आपके नाम उक्त वाद नालिश बाबत तकसीम हेतु दायर कर रखा है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख 17/04/2025 को 10 बजे प्रात: में असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमा हालात करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहत मुतालिका मुकदमा को जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई सख्श हो जो कि जवाब ऐसे सवालत दे सके, हाजिर और जवाबदेही और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजि तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो, पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगेर हाजरी आपके मसमूह फैसला होगा।
बस्ब मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में आज बतारीख 28/04/2025 को जारी किया गया ।

(रीडर)
सील न्यायालय
न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट सदर, मुजफ्फरनगर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर**

पंत्राक:-118/सा0प्र0/2025-26 दिनांक:- 17/04/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के मार्ग प्रकाश विभाग में वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवश्यकतानुसार एल0ई0डी0 लाईट की मरम्मत किये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति हेतु न्यूनतम दरें, व्यापार कर/आयकर/जी0एस0टी0 पंजीकृत अनुभवी विक्रेता अथवा निर्माता कम्पनी से दिनांक 25/04/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाइट https://etender.up.nic.in/nicgep/app पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक: 25/04/2025 की प्रात: 10 बजे से दिनांक 25/04/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदादाता को स्वघोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा, यह स्वघोषणा पत्र अंकन रू0 100/- के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। इस हेतु धरोहर राशि अंकन-1,00,000/-रूपये की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक होगी, तथा निविदा मूल्य (जी0एस0टी0 सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के पक्ष में जारी कराते हुए दिनांक 25/04/2025 की प्रात: 10 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग में रखे बॉक्स में जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 25/04/2025 को सायं 4.00 बजे अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को सायं 4:00 बजे खोली जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| मार्ग प्रकाश प्रभारी<br>नगर पालिका परिषद<br>मुजफ्फरनगर। | अधिशासी अधिकारी<br>नगर पालिका परिषद<br>मुजफ्फरनगर। | अध्यक्ष<br>नगर पालिका परिषद<br>मुजफ्फरनगर। |

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## अक्षय कुमार, शंकरन की भूमिका में

अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म केसरी चैप्टर-2, आज रिलीज हो रही है। अनन्या पांडे और आर.माधवन स्टारर केसरी चैप्टर-2, के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें जलियांवाला बाग की क्रूरता को दिखाया गया है। बीते दिनों कुछ लकी फैंस के लिए केसरी चैप्टर-2 की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई थी। पिक्चर देखने के बाद फैंस की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। एक यूजर ने लिखा,केसरी चैप्टर-2 में अक्षय कुमार का अब तक का सबसे उत्कृष्ट अभिनय है। बैकग्राउंड म्यूजिक, एक्शन सीन्स, रोंगटे खड़े कर देने वाला क्लाइमैक्स उन्हें नेशनल अवॉर्ड तो मिलना ही चाहिए। अक्षय कुमार,इस फिल्म में एडवोकेट शंकरन नायर की भूमिका में हैं। 13 अप्रैल 1919 में अमृतसर में जलियाँवाला बाग में यह हत्याकांड हुआ। गोलियाँ चलाने का आदेश ब्रिगेडियर जनरल डायर ने दिया था और उनके साथ थे सार्जेंट एंडरसन, जबकि माइकल ड्वायर पंजाब के लेफ्टिनेंट गवर्नर थे। शुरूआती दिनों में इतने बड़े हत्याकांड की ज्यादा चर्चा नहीं हुई थी, लेकिन एक अकेले भारतीय शख़्स ने ब्रिटेन जाकर ब्रितानी अदालत में अपने दम पर जलियाँवाला हत्याकांड को लेकर एक ऐतिहासिक केस लड़ा था, जो साढ़े पाँच हफ़्ते चला। इस केस के जरिए पूरी दुनिया को जलियाँवाला बाग की दास्तान विस्तार से पता चली थी। उस शख़्स का नाम था सर चेट्टूर शंकरन नायर। अक्षय कुमार उन्हीं की भूमिका में इस फिल्म केसरी-2 मे दिखाई दे रहे हैं। उस समय के पराधीन भारत से ब्रिटेन जाकर वहाँ की अदालत में केस लड़ना एक भारतीय के लिए जोखिम भरा अनसुना कदम था, लेकिन शंकरन नायर ने ये किया और इतिहास रचा। यह सच है कि मुंबईया फिल्म उद्योग एक मुद्दत से अच्छी काल्पनिक कहानियों के अभाव से जूझ रहा है, इसीलिए कभी साऊथ की काल्पनिक कहानियों पर बनी फिल्मों को अपने यहाँ बनाता है, तो कभी ऐतिहासिक कथाओं पर और कभी तो गुन्डे बदमाशों की जीवनी पर भी फिल्म बना देता है, जिन ऐतिहासिक फिल्मों से छुपा हुआ सच बाहर आये, उनकी तारीफ होती है, होनी भी चाहिए। इस फिल्म के जरिए अंग्रेजों की क्रूरता और एक महान भारतीय वकील की कहानी सामने आ रही है। इसलिए यह फिल्म चर्चा में है। जलियावाला बाग में अंग्रेजों की सेना ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों पर गोलियां चला दी थीं। इस घटना में सैकड़ों लोग मारे गए और हजारों घायल हुए। यह घटना भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है। जलियावाला बाग में रौलट एक्ट के विरोध में एक सभा हो रही थी, जिसमें जनरल डायर के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने भीड़ पर गोलियां चला दीं। रौलट एक्ट एक ऐसा कानून था, जो ब्रिटिश सरकार को किसी भी व्यक्ति को बिना मुकदमा चलाए गिरफ्तार करने का अधिकार देता था। इस घटना ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर एक गहरा प्रभाव डाला और यह ब्रिटिश शासन के अंत की शुरूआत मानी जाती है। एडवोकेट शंकरन नायर के नाम भारतीय इतिहास में कई उपलब्धियाँ दर्ज हैं। शंकरन नायर 1897 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष बने। वे मद्रास हाई कोर्ट में जज भी रहे और 1915 में वायसराय एग्जीक्यूटिव काउंसिल के सदस्य बने। उन्हें सर की उपाधि मिली हुई थी। जलियाँवाला बाग हत्याकांड का उन पर गहरा असर पड़ा। वायसराय काउंसिल का सदस्य होने के नाते शंकरन नायर को धीरे-धीरे प्रत्यक्षदर्शियों की गवाहियाँ सुनने को मिलने लगीं कि किस तरह निहत्थे लोगों पर गोलियाँ चलीं। वो पंजाब में हुई घटनाओं को लेकर काफी निराश हुए और उन्होंने वायसराय काउंसिल से इस्तीफा दे दिया। शंकरन नायर ने 1922 में किताब लिखी 'गांधी एंड अनार्की' जिसमें उन्होंने गांधीजी की नीतियों से अहसमति जताई और साथ ही पंजाब के हालात के लिए ब्रितानी सरकार की आलोचना की। उनका इशारा इस ओर था कि पंजाब में जो ज्यादतियाँ हुईं, वो पंजाब के लेफ्टिनेंट गवर्नर जनरल माइकल ओ ड्वायर की जानकारी से हुईं। इसके जवाब में ड्वायर ने शंकरन नायर पर ब्रिटेन में 1922 में मानहानि का मुकदमा कर दिया कि वो माफी माँगें, किताब को वापस लें और जुर्माना भरें, लेकिन शंकरन नायर ने इससे साफ इनकार कर दिया, जब केस चला तो साढ़े पाँच हफ़्ते चले इस मुकदमे में जैसे-जैसे परतें खुलती गईं, दुनिया को जलियाँवाला बाग और पंजाब में हुई ज्यादतियों के बारे में खुलकर पता चला। ये उस समय चलने वाला सबसे लंबा सिविल केस था। एक भारतीय एक अंग्रेज के खिलाफ अंग्रेजों की ही अदालत में केस लड़ रहा था। जनरल ड्वायर के गवाह नामी-गिरामी लोग थे, जो कोर्ट में खुद मौजूद थे। वहीं शंकरन नायर के गवाह आम भारतीय थे और वो गवाह भी इंग्लैंड में नहीं, भारत में थे और उनकी गवाही भारत में ली गई, वो गवाहियाँ इंग्लैंड की कोर्ट में महज पढ़कर सुनाई गईं, शंकरन के केवल दो गवाह इंग्लैंड में गवाही दे सके। गेराल्ड वाथेन जो 1919 में खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल थे और सर हरकिशन लाल जो पंजाब में मंत्री रह चुके थे। उन्हें मार्शल लॉ के तहत जेल में बंद कर दिया गया था। वे अपने खर्चे पर लंदन गवाही देने गये थे, जब केस चल रहा था, तो जलियाँवाला बाग हत्याकांड के बाद गुजरांवाला में जो बमबारी की गई, उसे केस के दौरान जनरल ड्वायर को स्वीकार करना पड़ा और उन्होंने माना कि उनके आदेश पर ही एयरक्राफ्ट भेजे गए थे। उनसे पूछा गया कि गुजरांवाला के बाहर मासूम लोगों पर बमबारी करना और मशीनगन चलाना सही था? तो ड्वायर ने कहा कि हो सकता था कि ये गुजरांवाला से लोग पंजाब में अशांति फैलाने जा रहे हों, जब ओ ड्वायर से कसूर में स्कूली छात्रों को पीटने पर सवाल पूछा गया, तो उनका कहना था कि पूरा स्कूल अशांति फैलाने की साज़िश में मिला हुआ था, जब पूछा गया कि लाहौर में तपती गर्मी में स्कूली बच्चों को 17 मील चलने का आदेश क्यों दिया गया? तो ड्वायर का कहना था कि बहुत सारे छात्र विद्रोही बन चुके थे, जलियाँवाला की बात हुई तो जज ने ज्यूरी से कहा कि सवाल ये है कि क्या 5 लाख लोगों की जान बचाने के लिए कुछ सौ लोगों को मारने का हक होना चाहिए या नहीं। भारत और ब्रिटेन के अखबारों में केस की कवरेज होने लगी और इस तरह केस के दौरान पंजाब में हुई गोलाबारी, हत्याएं, जलियाँवाला बाग और फौज में जबरन भर्ती के किस्से सामने आने लगे। केस में जज जस्टिस मैक्कार्डी के कथित पक्षपाती रवैये को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे। डेली न्यूज ने इन घटनाओं को इंग्लैंड के सार्वजनिक हितों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया और जज के बर्ताव के प्रति खेद जताया। जज मैक्कार्डी ने बाद में खुदकुशी कर ली थी।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'जिन्दगी' 'अच्छाई' 'मुश्किलें' 'आसान'

जो कराओगे जमा वापस वही मिल पायेगा,
जिन्दगी के खाते में अच्छाई भरते जाइये।
आपकी भी मुश्किलें आसान होती जाएंगी,
दूसरों की मुश्किलें आसान करते जाइये।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर चाकू मारकर युवक को किया घायल

**बुढ़ाना, 17 अप्रैल (बु.)।** छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक युवक को चाकू मारकर घायल करने की खबर है। पुलिस ने घायल को हस्पताल भेजने के बाद दो युवकों को पकड़ा है। मिली जानकारी के अधिकार सफीपुर पट्टी पुलपार बुढ़ाना निवासी एक युवक ने बताया कि उसके घर के सामने आदिल का घर है। साहिल पुत्र दिलशाद निवासी सफीपुर पट्टी अपने फुफा आदिल के यहां आता जाता है। साहिल उसकी बहन संग छेड़खानी करता रहता है। बीती शाम उसकी बहन घर से कूड़ा लेकर चली तो रास्ते में साहिल ने उसके संग छेड़खानी कर उसे अपने फूफा के घर के अंदर खींचने लगा तो उसने शोर मचाया, तो आरोपी फरार हो गया। आरोपी युवती को पुलिस में बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उधर युवती ने पूरी घटना अपने घर जाकर बताई, तो रास्ते में आरोपी साहिल उसके फूफा आदिल आदि लोग मिले, तो पीड़ित ने साहिल की इस कार्यवाही का विरोध कर भला बुरा कहा तो आरोपी ने अपने फूफा व अन्य रिश्तेदारों के साथ मिलकर पीड़ित की साथ मारपीट की और उस पर चाकू के वार करके फरार हो गया। पीड़ित का शोर शराबा सुनकर मौके पर उसके परिजन आ गये। आरोप के मुताबिक आरोपी घायल पीड़ित युवक का मोबाइल और कुछ नगदी छीनकर फरार हो गये। पीड़ित युवक को मौके पर आई पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया और दो आरोपियों को भागदौड़ कर पकड़ लिया।

# विशेष सचिव राजस्व ने परखी गेहूं खरीद की व्यवस्था

### - अफसरों को दिए लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं खरीद के निर्देश - जिले में कम खरीद पर जताई नाराजगी, किसानों से की बात

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** लक्ष्य के सापेक्ष जनपद में गेहूं खरीद सरकारी क्रय केन्द्रों पर कराए प्रयासों एवं व्यवस्थाओं का सच जानने को गुरूवार को विशेष सचिव राजस्व विभाग प्रेम प्रकाश सिंह ने मुख्यालय पहुंच कर क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए कम गेहूं खरीद पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने किसानों से भी बात की और अपना गेहूं सरकार को बेचने के लिए प्रेरित किया। जिले में गेहूं खरीद की समीक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को परखने के लिए मुख्यालय पहुंचे विशेष सचिव राजस्व प्रेम प्रकाश सिंह का गुरूवार को लोक निर्माण विभाग डाक बंगले पर अफसरों ने स्वागत किया। एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार, एसडीएम सदर निकिता शर्मा समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में प्रमुख सचिव राजस्व का यहां स्वागत करते हुए उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद में एडीएम राजस्व गजेन्द्र कुमार के साथ विशेष सचिव राजस्व गेहूं क्रय केन्द्रों के औचक निरीक्षण पर निकल गये। वो नवीन मंडी स्थल कूकड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने वहां बने क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए किसानों के लिए की व्यवस्थाओं को देखने के साथ अब तक गेहूं खरीद की जानकारी ली। उन्होंने कम गेहूं खरीद होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिले के अधिकारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां पर गुड़ का स्वाद लेने के साथ गुड़ निर्माण को लेकर जानकारी भी हासिल की। निरीक्षण के बाद विशेष सचिव राजस्व प्रेमप्रकाश सिंह ने कहा कि यूपी में गेहूं की खरीद को तेज करने व किसानों को उनकी उपाजीविका आदि का भुगतान त्वरित व्यवस्था में कराने के लिए अधिकारियों को निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये हैं। उसी कड़ी में वो यहां पहुंचे हैं। नवीन मंडी स्थल पर पहुंचकर गेहूं खरीद व्यवस्था को परखने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम जनपद में बनाए गए 52 क्रय केन्द्रों पर गेहूं की फसल का लक्ष्य के सापेक्ष खरीद कर सकें। उन्होंने बताया कि सरकार ने 1425 रुपये एमएसपी तय किया है, इसके सापेक्ष किसानों को मार्किट में अच्छा भाव मिल रहा है, लेकिन फिर भी अफसरों को निर्देशित किया गया है वो किसानों को क्रय केन्द्रों पर फसल बेचने के लिए प्रेरित करें। यहां लक्ष्य हासिल करने में भी यही परेशानी है कि किसान अपने घर से अच्छे भाव पर गेहूं की फसल को बेच रहा है। इसके लिए सरकार ने मोबाइल केन्द्र की व्यवस्था कर किसानों के घर जाकर गेहूं खरीदने की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि बिना किसी परेशानी के किसानों को गेहूं खरीद की व्यवस्था की गई है।

## पालिका के बाहर रेहड़ी पटरी वालों के धरने का दूसरा दिन, मिल रहा समर्थन

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** नगर पालिका के बाहर चाट बाजार के पटरी दुकानदारों का दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। दुकानदारों को शिवसेना के बाद दूसरे दिन भारतीय किसान यूनियन का भी समर्थन मिल गया है। आंदोलन के दूसरे दिन भाकियू के जिलाध्यक्ष नवीन राठी धरना स्थल पर पहुंचे और अपना समर्थन देने की घोषणा के साथ न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। आपको बता दें कि टाउन हॉल के बाहर चाट बाजार हटाने के विरोध में रेहड़ी ठेले वालों के धरने का दूसरा दिन है। पहले दिन शिव सेना नेता शरद कपूर, संजीव वर्मा, उज्ज्वल पंडित, शैलेंद्र शर्मा ने धरना स्थल पर पहुंच कर धरना दे रहे लोगों का हौसला बढ़ाया और अपना समर्थन-पत्र सौंपते हुए कहा था कि शिवसेना और क्रांति सेना उनके साथ है और उनके साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। दूसरे दिन भारतीय किसान यूनियन ने भी यहां पहुंचकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इस दौरान भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने धरने पर मौजूद लोगों को समर्थन की घोषणा की। धरना स्थल पर देवेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, कौशल, आजाद, मदन पाल, राजेंद्र कुमार सहित अनेक रेहड़ी पटरी वालों के अतिरिक्त उनके परिजन उपस्थित रहे।

## ममता बनर्जी का फूंका पुतला, बाल-बाल बचा प्रदर्शनकारी

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद कांड को लेकर पूरे देश में रोष व्याप्त है। इतना ही नहीं ममता बनर्जी के खिलाफ भी अब आवाज पहले से ज्यादा बुलंद दिखाई देने लगी है। मुजफ्फरनगर में हिंदू संगठनों ने मुर्शिदाबाद कांड के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होने से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका। हिंदू युवा वाहिनी ने ममता पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। इस दौरान हिंदू युवा वाहिनी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रहलाद पाहुजा पुतले में आग लगाने के समय आग की चपेट में आते-आते बचे। इस प्रदर्शन के दौरान पाहुजा के गले में पड़े पटके में आग लग गई, जिसको उन्होंने जमीन पर फेंक कर तुरंत आग बुझाई। नगर के झांसी रानी चौक पर युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। प्रदर्शन के दौरान प्रहलाद पाहुजा ने बताया कि मुर्शिदाबाद की घटना बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण है। ममता बनर्जी के इशारे पर पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में हिन्दुओं पर हमले किए जा रहे है, हिंदुओं की हत्याएं हो रही हैं, उनके घर जलाए जा रहे हैं, फिर भी ममता बनर्जी ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। इसका साफ तौर पर मतलब यह है कि ममता बनर्जी दंगाइयों से प्रेम करती हैं, अगर उन्हें मुसलमानों से इतना ही प्रेम है, तो वह हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम धर्म कबूल कर लें और हिंदुस्तान छोड़कर पाकिस्तान चली जाएं।

# एसडीएम ने अवैध फसल पर चलवाई जेसीबी

### - एसडीएम का रौद्र रूप देख भाग खड़े हुए कब्जेदार, नागिन नदी के पुनर्जन्म के लिए पहला कदम

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** काली उर्फ नागिन नदी के पुनर्जनन्म के लिए मुजफ्फरनगर प्रशासन ने कमर कस ली है। डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर खतौली एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने गांव अंतवाड़ा में नदी की जमीन पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा कदम उठाया। गुरुवार को जनसुनवाई के बाद दोपहर के वक्त एसडीएम अपनी राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंची और जेसीबी के जरिए नदी के रकबे पर बोई गई फसलों और अन्य अतिक्रमण को हटवा दिया। एसडीएम ने नदी की जमीन की पैमाइश और चिन्हांकन करवाकर अवैध कब्जेदारों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि नदी या किसी भी सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ एन्टी-भूमाफिया कानून के तहत मुकदमा दर्ज होगा। उनका रौद्र रूप देख कब्जेदार मौके से भाग खड़े हुए। कुछ रकबे पर बोई गई गेहूं की फसल को भी तत्काल कटवाया गया। डीएम उमेश मिश्रा ने नदी पुनर्जन्म की मुहिम शुरू की है, जिसके तहत ये कार्रवाई पहला कदम है। मिश्रा इससे पहले अन्य जनपदों में भी नदियों को पुनर्जीवित करा चुके हैं। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बताया कि आज नदी की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया है। आगे साफ-सफाई के लिए श्रमदान और युद्ध स्तर पर काम होगा। स्थानीय लोगों में नदी के फिर से जीवंत होने की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की इस पहल से नदी की तस्वीर बदल सकती है। मौके पर नायब तहसीलदार अमित रस्तोगी, राजस्व निरीक्षक राकेश वर्मा, लेखपाल विजय सहित राजस्व टीम मौजूद रही।

## सफाई कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष बने चमन सिंह ढिंगान

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** गुरूवार को वाल्मीकि समाज की एक आवश्यक बैठक का आयोजन पूर्व सफाई कर्मचारी संघ नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष चमन लाल ढिंगान के पचेंड़ा रोड स्थित आवास अंकित विहार पर किया गया। इस बैठक में चमन लाल ढिंगान को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव बबलू चौधरी का आभार व्यक्त किया। स्वागत समारोह में सैकड़ों सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से सागर वाल्मीकि, राजेंद्र सिंह, आभे राम, पाले राम, अजीत कुमार, मिलन कुमार, देवी प्रसाद, सुरज, अर्जुन, बबली, नंद किशोर, अशोक, दीपक, राहुल वाल्मीकि, राहुल, राकेश आदि उपस्थित रहे।

## कार से भाड़ा करने गया बेटा लापता, दी तहरीर

**भोपा, 17 अप्रैल (बु.)।** कस्बा भोकरहेड़ी से कार को किराए पर लेकर जाने के चौबीस घंटे बाद भी कार चालक घर नही लौटा है। मां ने कस्बे के ही तीन आरोपितों पर उसे साजिश के तहत गायब करने का आरोप लगाया है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी मुनेश देवी ने दी तहरीर में बताया कि उसके बेटे विकास उर्फ कमल ने कार ले रखी है, जिससे वह किराया-भाड़ा कर घर का खर्च चलाता है। बुधवार शाम को कस्बे के ही तीन युवक उसके लड़के को कार से मुजफ्फरनगर जाने की बात कहकर घर से ले गये थे, परन्तु अब तक वह घर वापस नहीं लौटा है तथा उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है, जब उसने उनके घर जाकर जानकारी की, तो घरवालों ने उसको कोई सन्तोषजनक जवाब नही दिया और उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। उसे डर है कि आरोपित उसके बेटे के साथ कोई षडयंत्र कर अप्रिय घटना न कर दे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पाक सेना प्रमुख के 'कश्मीर गले की नस' वाले बयान पर भारत की खरी-खरी

### पीओके जल्द खाली करो...

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल (एजेंसी)।** पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के बयान पर भारत ने करारा जवाब दिया है। पाकिस्तान सेना प्रमुख असीम मुनीर ने हाल ही में कश्मीर को 'पाकिस्तान के गले की नस' बताया था। इस पर भारत सरकार ने गुरुवार को दो-टूक जवाब देते हुए साफ कहा कि कश्मीर से पाकिस्तान का एक मात्र संबंध अवैध कब्जा है, जिसे उसे जल्द खाली करना है। दरअसल भारत ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख की उस टिप्पणी को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि कश्मीर इस्लामाबाद की "गले की नस" है। विदेश मंत्रालय ने कड़े शब्दों में बयान जारी कर संवाददाताओं से कहा कि पाकिस्तान का "कश्मीर के साथ एकमात्र संबंध" अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्र को खाली करना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि "कोई विदेशी चीज गले की नस में कैसे अटक सकती है? यह भारत का केंद्र शासित प्रदेश है। पाकिस्तान के साथ इसका एकमात्र संबंध उस देश द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्रों को खाली करना है।" उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान चाहे जितनी कोशिश कर ले, वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में उसकी छवि कम नहीं होगी। मालूम हो कि इसी सप्ताह इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जनरल मुनीर ने कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस" बताया था और कहा था कि कोई भी कश्मीर को उनके देश से अलग नहीं कर पाएगा। जनरल मुनीर के बयान पर अब भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दो-टूक जवाब दिया है.। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कोई विदेशी चीज गले में कैसे अटक सकती है? यह भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश है। पाकिस्तान के साथ इसका एकमात्र संबंध उस देश द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्रों को खाली कराना है।" साथ ही प्रवक्ता ने वर्ष 2008 में 26 नवंबर को हुए आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से अपना पल्ला झाड़ने के पाकिस्तान के प्रयासों पर कहा कि पाकिस्तान लाख कोशिश कर ले, लेकिन वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में उसकी प्रतिष्ठा कम नहीं होगी।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि राणा का प्रत्यर्पण पाकिस्तान के लिए एक चेतावनी है कि उसे मुंबई हमलों के अन्य अपराधियों को भी न्याय के कटघरे में लाना होगा, जिन्हें वह अब भी बचा रहा है।" राणा (64) को अमेरिका द्वारा प्रत्यर्पण की सभी बाधाएं दूर करने के बाद 10 अप्रैल को भारत लाया गया था। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक राणा अब भारतीय जांच एजेंसियों की हिरासत में है।

## दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार

**शाहपुर, 17 अप्रैल (बु.)।** थाना पुलिस ने एक गांव निवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एक युवक पर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए नामजद आरोपी गांव बसधाडा निवासी नाजिम पुत्र तसलीम को सूचना के आधार पर गांव काकड़ा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कर उसका चालान कर दिया।

आवश्यकता है
लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज
जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर को
तीन आया (मेड) की तुरंत आवश्यकता
सम्पर्क करें :-
M. 9219405028
M.9411670674
M.9837643451

# 35 मिनट में मौसम के आगे झुका पाकिस्तान, ओले, बाढ़ और आंधी ने उजाड़ा इस्लामाबाद, चक्रवात की चेतावनी

**इस्लामाबाद, 17 अप्रैल (एजेंसी)।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद और खैबर पख्तूनख्वा में बुधवार को अचानक आई भयानक ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचाई। क्या आपने कभी सोचा कि 35 मिनट की आंधी और ओले किसी शहर को तहस-नहस कर सकते हैं? गाड़ियों के शीशे चकनाचूर, सोलर पैनल बर्बाद, पेड़ उखड़ गए और कई इलाकों में बाढ़ ने कोहराम मचा दिया। यह कोई साधारण बारिश नहीं थी, बल्कि सीधे तौर पर प्रकृति का गुस्सा था, जो जलवायु परिवर्तन की चेतावनी दे रहा है। इस्लामाबाद में अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। 35 मिनट तक आसमान से टेनिस बॉल के आकार के ओले बरसते रहे। इसने सब कुछ तहस-नहस कर दिया। ओले गिरने से गाड़ियों और घरों की खिड़कियां टूटीं, सोलर पैनल के शीशे टूट गए, दर्जनों पेड़ उखड़ गए। अचानक हुई बारिश के कारण निचले इलाकों में बाढ़ आ गई, जिससे सड़कें और घर डूब गए। तारनोल इलाका सबसे ज्यादा प्रभावित रहा, जहां उखड़े पेड़ों ने रास्ते बंद कर दिए। इस बारिश ने गर्मी से राहत दी, लेकिन कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। डिप्टी कमिश्नर ऑफिस ने कहा कि हमारी टीमें सड़कों पर हैं, पानी निकासी का काम जारी है। नुकसान का आंकलन हो रहा है। ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर यातायात बहाल किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो आए हैं, जिसमें दिख रहा है कि दर्जनों गाड़ियां ओले की मार से बर्बाद हो चुकी हैं। बारिश थमने के बाद लोगों ने अपने घरों और गाड़ियों को देख कर सिर पर हाथ रख लिया। खैबर पख्तूनख्वा में भी बाढ़ ने हालात बिगाड़ दिए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का कहना है, हम लंडीकोटल, मरदान और अन्य जिलों में बाढ़ से निपटने को तैयार हैं। फसलों को हुए नुकसान की अभी कोई पक्की खबर नहीं, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सीनेटर और पूर्व जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने इसे भयानक करार दिया। उन्होंने पर लिखा, ओले गोली की तरह बरस रहे थे। यह जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम की उग्रता है। यह कोई सामान्य घटना नहीं, यह इंसानी हरकतों का नतीजा है, जैसे गंदी ऊर्जा का इस्तेमाल और बढ़ता उत्सर्जन। अप्रैल में जहां दक्षिणी पंजाब, सिंध और बलूचिस्तान में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया, वहीं इस्लामाबाद में यह बारिश कुछ राहत लेकर आई, लेकिन यह राहत महंगी साबित हुई। पाकिस्तान मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आज से 20 अप्रैल तक इस्लामाबाद, रावलपिंडी और अन्य उत्तरी इलाकों में बारिश, आंधी और तूफान का दौर जारी रहेगा। खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान, मरी और आसपास के पहाड़ी इलाकों में आग का खतरा बढ़ेगा। मई-जून में अरब सागर में चक्रवात बन सकते हैं, जो तटीय इलाकों को नुकसान पहुंचा सकते है।

## माता महाकाली मंदिर में हुआ मां का गुणगान, भंडारा

**पुरकाजी, 17 अप्रैल (बु.)।** श्रीमाता महाकाली मंदिर सेठपुरा के पुनः प्रतिष्ठा वर्षगांठ के शुभ अवसर पर माता का गुणगान कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पुरकाजी लक्सर मार्ग पर स्थित माता महाकाली मंदिर की क्षेत्र में मानकान है। गुरूवार में सुबह श्रीबालाजी धाम के गुरूजी पंड़ित घनश्यामदास शर्मा के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में कीर्तन कर माता का गुणगान किया गया। इस मौके पर देहरादून से आये समाजसेवी रवि खुल्लर सहपत्नी यजमान रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण खुल्लर, शिवम खुल्लर, विहान महलोत्रा, आयांश ऑबराय आदि अनेक लोग रहे। भंडारे का आयोजन हुआ। इससे पहले कन्या पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में महिलायें व क्षेत्र के धर्मप्रेमी लोग रहे।

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application
for APPOINTMENT OF FACULTY
M.Com. B.Com.
M.Sc.(Home Sc.) Food & Nutrition
B.Sc. Home Science
B.Sc. Micro Biology
B.A. (Economics, Geography, Sociology, Hindi, History, English, Political Science)
B.Sc. (Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany)
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

## घुड़चढ़ी और डीजे के विवाद में आगरा में शादी करने जा रहे दलित युवक को सड़क पर गिराकर पीटा

**आगरा, 17 अप्रैल (एजेंसी)।** आगरा के कृष्णा गार्डन में डीजे बजाकर घुड़चढ़ी कराई जा रही थी। तभी कुछ स्थानीय लोगों ने डीजे की आवाज कम करने को कहा। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे चल गए। इसमें कई घायल हुए हैं। पुलिस को तहरीर दी गई है, लेकिन अब तक कुछ हुआ नहीं है तो पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री और अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। दरअसल, आगरा में दलित युवक की शादी थी। शादी में घुड़चढ़ी का कार्यक्रम चल रहा था। डीजे भी लगाया गया था। इसी दौरान कुछ लोग आए और डीजे की आवाज को कम करने के लिए कहने लगे। इस पर विवाद हुआ और जमकर लाठी-डंडे चले। दूल्हे को भी सड़क पर पटक दिया गया और फिर जमकर पीटा गया। घटना के दौरान चीख-पुकार मच गई, लेकिन मौके पर मौजूद लोग डर के मारे कुछ नहीं कर सके। बाद में भी दूल्हा न तो घोड़ी चढ़ सका और न ही बैंड-बाजे के साथ बारात निकल सकी। बाराती पैदल ही चुपचाप मैरिज होम तक पहुंचे, पीड़ित परिवार ने करीब 6 लोगों के खिलाफ नामजद और 20 अज

## कैलाश मानसरोवर यात्रा जल्द होगी शुरू

**नयी दिल्ली, 17 अप्रैल (वार्ता)** भारत और चीन के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने को लेकर जारी तकनीकी बातचीत पूरी

हो गई है और जल्द ही सरकार यात्रा की शर्तों और अन्य विवरण सार्वजनिक करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत सरकार कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर जल्दी ही एक नोटिस जारी करेगी। दोनों देशों के बीच यात्रा के तौर तरीकों और शर्तों आदि को लेकर जारी तकनीकी बातचीत में सहमति बन गई है। यह पूछे जाने पर कि लद्दाख में डेमचोक के रास्ते से कैलाश मानसरोवर यात्रा संचालित करने पर बातचीत हो रही है, प्रवक्ता ने इससे इनकार किया और कहा कि जल्दी ही नोटिस आने वाला है और मार्ग के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## गुजरात में बस-ऑटो रिक्शा की टक्कर, छह की मौत

**पाटण, 17 अप्रैल (वार्ता)** गुजरात में पाटण जिले के समी क्षेत्र में गुरुवार को एक बस और ऑटो रिक्शा की भिड़ंत में छह लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि हिम्मतनगर से माता के मढ़ जा रही एसटी बस और ऑटो रिक्शा में समी राजमार्ग पर गोतनाद गांव के निकट आज अपराह्न टक्कर हो जाने से रिक्शा सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## महाराष्ट्र में एक वर्ष से ज्यादा अनुपस्थित 442 चिकित्सा अधिकारी बर्खास्त

**मुंबई,17 अप्रैल (वार्ता)** महाराष्ट्र सरकार ने एक वर्ष से ज्यादा अनुपस्थित रहे 442 चिकित्सा अधिकारियों को एक निर्देश जारी करके उनकी सेवाएं समाप्त कर दी है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बुधवार देर रात सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया कि ''ऐसे समय में जब राज्य द्वारा संचालित चिकित्सा केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, ग्रामीण अस्पतालों और जिला अस्पतालों डॉक्टरों की कमी है, 442 डॉक्टर अपनी नियुक्ति स्थलों से गायब रहे हैं। इसलिए उनकी सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी किया गया।'' इसमें यह भी कहा गया है कि चिकित्सा अधिकारियों की अनुपस्थिति को अवैध माना गया है।

## गोरखपुर को 1500 करोड़ रुपये की सौगात देंगे योगी

**गोरखपुर, 17 अप्रैल (वार्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर को करीब 1500 करोड़ रुपये की लागत वाली 147 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वह 438 करोड़ 38 लाख 7 हजार रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और 1060 करोड़ 98 लाख 83 हजार रुपये की 95 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। यह समारोह मानबेला में होगा। लोकार्पण और शिलान्यास की अनेक ऐसी परियोजनाएं हैं जिनसे जिले की रोड कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई मिलेगी। इनमें एक महत्वपूर्ण फोरलेन का प्रोजेक्ट भी शामिल है। अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत सीवरेज की 233 करोड़ 89 लाख रुपये से अधिक की सीवरेज परियोजना का लोकार्पण होना है।

## सपा के बहकावे में न आयें दलित : मायावती

**लखनऊ 17 अप्रैल (वार्ता)** राणा सांगा के खिलाफ समाजवादी पार्टी नेता रामजीलाल सुमन के विवादित बयान को लेकर गरमायी सियासत के बीच बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने दलितों को आगाह किया है कि वह सपा के बहकावे में न आयें और दूसरों के इतिहास पर टीका-टिप्पणी करने की बजाय अपने समाज के संतो महापुरुषों के संघर्ष के बारे में बात करें। सुश्री मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स के जरिये कहा ''अन्य पार्टियों की तरह आए दिन सपा द्वारा भी पार्टी के खासकर दलित लोगों को आगे करके तनाव व हिंसा का माहौल पैदा करने वाले आ रहे इनके अति विवादित बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप व कार्यक्रम आदि का जो दौर चल रहा है यह इनकी घोर संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति ही प्रतीत होती है, क्योंकि सपा भी दलितों के वोटों के स्वार्थ की खातिर यहाँ किसी भी हद तक जा सकती है।

## हिमाचल प्रदेश के सरकारी दफ्तरों में बम की धमकी के बाद सुरक्षा कड़ी

**शिमला, 17 अप्रैल (वार्ता)** हिमाचल प्रदेश के दो प्रमुख सरकारी दफ्तरों, शिमला में राज्य सचिवालय में मुख्य सचिव के दफ्तर और मंडी में डिप्टी कमिश्नर के दफ्तर में बम की धमकी मिलने के बाद से यहां की पुलिस हाई अलर्ट पर है। बुधवार को एक जैसी धमकियों ने व्यापक चिंता पैदा कर दी है, जिसके बाद राज्य के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई की है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि दो धमकी भरे ईमेल मिले हैं- एक उनके आधिकारिक आईडी पर और दूसरा डीसी मंडी दफ्तर में। दोनों ईमेल में एक ही भाषा का इस्तेमाल किया गया था और तमिलनाडु में हुई एक पिछली घटना का संदर्भ देते हुए दफ्तरों को उड़ाने की धमकी दी गई थी।

## सिरफिरे आशिक का खौफनाक खेल, लड़की और उसकी मां की हत्या की, खुद को भी मारी गोली

**बिहार, 17 अप्रैल (एजेंसी)।** बिहार के नालंदा में प्रेम प्रसंग को लेकर खौफनाक घटना हो गई। यहां एक सिरफिरे युवक ने लड़की की शादी तय होने से नाराज होकर लड़की और उसकी मां को घर में घुसकर गोलियों से भून डाला। वारदात के बाद युवक ने खुद को भी गोली मार ली। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, यह मामला नालंदा के सिलाव थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे एक युवक ने लड़की और उसकी मां को घर में घुसकर गोलियों से भून डाला। गोली लगने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# एमडीए सचिव का जिला बार एसोसिएशन में हुआ भव्य स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** जिला बार एसोसिएशन की ओर से गुरूवार को कचहरी परिसर में एमडीए के सचिव कुंवर बहादुर सिंह का स्वागत किया गया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. कंवर पाल सिंह एड. तथा महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल ने एमडीए सचिव का माल्यार्पण व बुके देकर भव्य स्वागत किया।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी कक्ष में आयोजित स्वागत समारोह में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल ने कहा कि कचहरी प्रांगण में अधिवक्ताओं के चैम्बर के आगे की सड़कों का पिछले कई वर्षों से बुरा हाल था। यह सड़कें बहुत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी तथा टूटी हुई थी। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष कविता मीणा एवं सचिव कुंवर बहादुर सिंह ने कचहरी प्रांगण की टूटी व खराब सड़कों को फिर से बनवा कर अधिवक्ताओं को हो रही परेशानियों से उबारा है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. कुंवर पाल सिंह ने एमडीए के सचिव कुंवर बहादुर सिंह का स्वागत करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। एमडीए सचिव कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि कचहरी में अधिवक्ताओं की सुविधा का पूर्ण ख्याल रखा जाएगा और यहां पानी निकासी की समस्या का समाधान अवश्य किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, पूर्व महासचिव सुरेन्द्र मलिक व जितेन्द्र कुमार, उदयवीर पोरिया, प्रवीण जावला, निश्चल त्यागी, नीरज गौतम, सचिन त्यागी, रकम पाल सैनी, राकेश मौर्य, सर्वेश जोशी, मौ. मोहतसिब, शिखा कौशिक, अखलाक चौधरी, अभिषेक खोखर, रश्मि कश्यप, आदित्य शर्मा, कैसर अली, कु. उमा देवी आदि अधिवक्ता मौजूद हे।

# रडार पर रक्षित, नवयुवकों के गैंग का खुलासा

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** नगर कोतवाली पुलिस ने अवैध शस्त्रों के नई उम्र वाले 7 सौदागरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने इनके पास से कई अवैध हथियार सहित मुख्य और अहम जानकारी जुटाई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरोह का सरगना पूर्व में गैंगस्टर रहे मृतक विक्की त्यागी का बेटा रक्षित त्यागी है, जो भागने में सफल हो गया। पुलिस अधीक्षक नगर सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि आईपीएस राजेश घुनावत के साथ एसओजी और कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के चलते इस गैंग के नवयुवकों की गिरफ्तारी संभव हो सकी। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि, पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी कि बड़कली फाटक के पास अवैध शस्त्रों की बड़ी डील होने जा रही हैं। एसओजी और पुलिस ने घेराबंदी कर शुभम गिरी निवासी काकड़ा, उज्ज्वल त्यागी निवासी इंद्रा कॉलोनी, अंकुर त्यागी निवासी रामपुरी, विवांक पाल निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी, ऋतिक निवासी काकडा, तुषार वर्मा निवासी सर्राफा बाजार और वंश वर्मा निवासी रामपुरी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि शातिर अपराधी रहे विक्की त्यागी का बेटा रक्षित त्यागी भागने में कामयाब हो गया। पकड़े गए युवकों के पास से तीन पिस्टल और 4 तमंचे बरामद हुए हैं। एसपी सिटी ने बताया कि शासन द्वारा चिन्हित विक्की त्यागी के बेटे रक्षित त्यागी द्वारा नई उम्र के लड़कों को साथ लेकर अवैध शस्त्रों की खरीद फरोख्त का काम करता है और सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर यह गिरोह अपना गोरखधंधा चलाता है। पूछताछ में पता चला कि 32 बोर की पिस्टल मध्यप्रदेश से लाई जा रही है, जिसको 50 से 60 हजार में बेचा जा रहा था।

## मैनपुरी में दूल्हे ने जयमाला पर दुल्हन को गालियां दीं : लड़की ने भरी पंचायत में शादी से इन्कार किया; बोली-नशे में धुत था

**मैनपुरी, 17 अप्रैल (एजेंसी)।** मैनपुरी में जयमाल के दौरान स्टेज पर दूल्हे ने दुल्हन को गालियां दे दीं। दूल्हे की इस हरकत से नाराज होकर दुल्हन ने शादी से इन्कार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई। बड़े-बुजुर्गों ने दोनों पक्षों को समझाया। काफी देर तक बातचीत का दौर चला, लेकिन दुल्हन मानने को तैयार नहीं थी। मामला किशनी थाने तक पहुंचा। थाने में भी दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की गई। दुल्हन ने कहा, दूल्हा नशे में है। वह अपनी शादी में शराब पीकर आया है, आगे क्या ही करेगा? लड़की के घरवाले भी शादी करने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद दूल्हा बिना ब्याह के लौट गया। इटावा से मैनपुरी आई थी बारात मामला कुसमरा चौकी क्षेत्र के गांव बसंतपुर का है। इटावा के सैफई थाना क्षेत्र के गांव शाहजहांपुर से बारात बसंतपुर आई थी। आमोद अपनी बारात लेकर बसंतपुर मास्टर के यहां पहुंचा। बारात के स्वागत में घरातियों ने पूरी आवभगत की। बारातियों ने नाच-गाने के साथ धूमधाम से एंट्री ली। नशे की हालत में स्टेज पर पहुंचा दूल्हा दरवाजे पर द्वाराचार का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके बाद दूल्हा जयमाला के लिए स्टेज पर पहुंचा। जैसे ही वरमाला का कार्यक्रम शुरू हुआ, वैसे ही वहां हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। दुल्हन बनी डॉली ने आरोप लगाया कि दूल्हा नशे में था। उसने स्टेज पर ही उसे गालियां दीं। दूल्हे की इस हरकत को देखकर दुल्हन भड़क गई। शादी करने से साफ इनकार कर दिया। घरातियों का कहना था कि दूल्हे को देखकर ही लग रहा था कि वह नशे में है। उसकी चाल भी ठीक नहीं थी। रिश्तेदारों और गांव वालों के बीच पंचायत चली दुल्हन के शादी से इनकार करते ही बारातियों में हड़कंप मच गया। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। काफी देर तक रिश्तेदारों और गांव वालों के बीच पंचायत चलती रही, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। अंत में मामला किशनी थाने पहुंचा। थाने में भी दोनों पक्षों के बीच घंटों बातचीत और पंचायत होती रही, लेकिन दुल्हन अपने फैसले पर अड़ी रही। दूल्हा पक्ष घटिया आभूषण और कपड़े लेकर आया दुल्हन पक्ष का आरोप था कि उन्होंने दूल्हे पक्ष की सभी मांगें मानीं, लेकिन दूल्हा पक्ष घटिया आभूषण और कपड़े लेकर आया। ऊपर से शराब पीकर मंच पर तमाशा किया। आखिरकार दूल्हा बिना दुल्हन के ही बारात लेकर बैरंग लौट गया। दोनों पक्षों में अभी तक किसी ने कोई शिकायत नहीं की है। सोने-चांदी के आभूषण को नकली बताया दुल्हन की मां गुड्डी देवी ने बताया, एक तो दूल्हा शराब के नशे में धुत होकर आया, और ऊपर से जो सोने-चांदी के आभूषण हमने दूल्हे को दिए थे, उन्हें उसका परिवार नकली बता रहा था। जबकि दूल्हे पक्ष की ओर से जो आभूषण और कपड़े लाए गए थे, वे सभी घटिया थे। अब हमने और हमारी बेटी ने मिलकर फैसला किया है कि उस घर में शादी नहीं करेंगे। बारात इटावा जनपद के सैफई थाना क्षेत्र के गांव शाहजहांपुर से आई थी।

# मौसम की मार : आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि, हादसों में दस लोगों की मौत

**बाराबंकी, 17 अप्रैल (एजेंसी)।** बाराबंकी के बड़े इलाके में गुरुवार शाम अचानक आए तेज आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने तबाही मचा दी। इस दौरान हुए हादसों में तीन बच्चों समेत दस लोगों की मौत हो गई। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर पेड़ गिरने और कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचने की खबर है। आंधी बारिश ने फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचाया है। बनीकोडर प्रतिनिधि के अनुसार असन्दरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कचार मजरे हकामी गांव में गुरुवार शाम राजीव यादव का 13 वर्षीय बेटा शिवम साइकिल सीख रहा था, जबकि मुन्ना लाल की 12 वर्षीय पुत्री ज्योति के साथ ही उसका भाई सौरभ 10 गांव के बाहर बकरी चरा रहे थे। करीब 5 बजे तेज आंधी के बाद बरसात शुरू हो गई तो बारिश से बचने के लिए ज्योति अपने भाई सौरभ व शिवम के साथ पास ही धर्मराज के बंद पड़े मुर्गी फार्म के अंदर शरण लेने पहुंच गए। तेज आंधी के चलते मुर्गी फार्म की दीवाल गिरी और तीनों मलबे के नीचे दब गए। बच्चों की चीख पुकार पर तमाम ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर बच्चों को बाहर निकाला और ईलाज के लिए भिटरिया स्थित एक निजी अस्पताल ले गए जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें सीएचसी भेज दिया। सीएचसी में चिकित्सकों ने ज्योति और शिवम को मृत घोषित कर दिया, जबकि सौरभ का इलाज जारी है। अचानक हुई इस घटना से गांव में कोहराम मच गया। दूसरी घटना जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नवाबपुर कोडरी में हुई। इस गांव के रहने वाले निवासी विष्णुलाल की पत्नी फूलमती (40), उनका बेटा राहुल (22) और देवर वासुदेव का बेटा ध्रुव (6) खेत में सिंचाई करने गए थे। आंधी चलने पर तीनों लोग भागकर बाबा बिहारी दास स्मारक विद्यालय के टीन शेड के नीचे खड़े हो गए। इसी समय आंधी से टीन शेड गिर गया और तीनों दब गये। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण घटनास्थल की तरफ भागे। ग्रामीण इन लोगों को निकालते, तब तक फूलमती और उसके भतीजे ध्रुव की मौत हो चुकी थी। वहीं घायल राहुल को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। सिरौली गौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कांप फतेउल्लापुर निवासी मैकूलाल की पत्नी सिताबा बदोसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम पेरी मजरे मौलाबाद अपनी बहन के घर जा रही थी। रास्ते में तेज आंधी के चलते पेड़ महिला पर गिर गया, जिससे मौके पर ही सिताबा की मौत हो गई। गुरुवार की दोपहर बाद जिला मुख्यालय पर जहां तेज हवाओं के साथ धूल उड़ी और गर्मी से राहत मिली तो जिले के बड़े हिस्से में कुदरती आपदा ने कहर ढा दिया। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार आंधी और वर्षा के साथ ओला वृष्टि से तहसील अंतर्गत क्षेत्रों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। रबी फसल को 25-30 प्रतिशत क्षति होने का अनुमान है। इस बार आंधी की रफ्तार तेज होने के कारण गेहूं के खड़े पौधे खेतों में गिर गए। असंदरा क्षेत्र में ओलावृष्टि भी हुई। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार तहसील क्षेत्र में तेज हवा और बारिश के साथ बिलखिया, अमोली सहित कई स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। लोगों को गर्मी से निजात मिली लेकिन किसानों की माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गयी है। लखनऊ अयोध्या नेशनल हाईवे पर स्थित लक्षबर बजहा चौराहे पर यूकेलिप्टस पेड़ गिरने से गुरुवार की शाम को करीब एक घंटे हाइवे जाम रहा। इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गई।

## आंधी पानी में टिन शेड गिरने से दो लोगों की मौत

**बाराबंकी 17 अप्रैल (वार्ता) उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में गुरुवार देर रात तेज आंधी और बारिश के बीच टिन शेड गिरने से एक महिला और उसके मासूम भतीजे की मौत हो गई जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जैदपुर थाना क्षेत्र के नवाबपुर कोरड़ी गांव स्थित बाबा बिहारी दास स्मारक विद्यालय परिसर में विष्णुलाल की पत्नी फूलमती (40), उनका बेटा राहुल (22) और देवर वासुदेव का बेटा ध्रुव (6) खेत में सिंचाई करने गए थे। उन्होने बताया कि आंधी चलने पर तीनों लोग भागकर स्कूल परिसर में टिन शेड के नीचे खड़े हो गये। इसी समय टिन शेड गिर गया। मौके पर चीख पुकार सुनकर गांव के लोग घटनास्थल की तरफ भागे। जब तक ग्रामीण उन लोगों को निकाल पाते तब तक फूलमती और ध्रुव की मौत हो चुकी थी। घायल राहुल को तत्काल जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया।**

## दबंगों ने घर में घुसकर किया युवती का अपहरण

**खतौली, 17 अप्रैल (बु.)।** दबंग युवक घर में घुसकर युवती का अपहरण कर फरार हो गये। पीड़ित मां ने कोतवाली पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार मौहल्ला इस्लामाबाद निवासी महिला रुखसान ने कोतवाली पहुंचकर आरोप लगाया कि जावेद व मुस्तकीम निवासी इस्लामनगर कॉलोनी देर रात उसके घर में आए तथा परिजनों से मारपीट करके उसकी बेटी को जबरदस्ती उठाकर ले गए। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही कर युवती को बरामद किये जाने की गुहार की है। पीड़ित महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## वृद्ध पर जानलेवा हमला

**खतौली, 17 अप्रैल (बु.)।** दबंग युवकों ने घर में घुसकर वृद्ध को लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। घायल द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला देवीदास निवासी जयचंद ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में बताया कि मौहल्ला निवासी राहुल अज्ञात युवकों के साथ उसके घर में घुस गया, जब घर के लोगों ने उसका विरोध किया तो लाठी-डंडों से लैस युवकों ने उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर आगामी जांच पड़ताल में जुट गयी।

## दहेज हत्या के मामले में पति, सास, ससुर को सुनाई सजा

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** 14 फरवरी 2022 को सुजडू निवासी परवीन ने तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी बेटी शाहिन का निकाह 11 अक्टूबर 2015 को मखियाली निवासी मीर हसन के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग शाहिन को प्रताड़ित करने लगे थे। कई बार ससुराल पक्ष के लोगों से इस मामले में समझौता किया गया। मगर 14 फरवरी 2022 को ससुरालियों ने दहेज की मांग करते हुए उसकी बेटी शाहिन की हत्या कर डाली। पुलिस ने पति मीर हसन, ससुर लियाकत व सास शकीला समेत 6 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था, जिसमें पुलिस ने पति, ससुर व सास के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की थी। इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट नं 2 की न्यायधीश नेहा गर्ग की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए आज पति मीर हसन को 10 साल की सजा व 7 हजार के जुर्माने से वहीं ससुर लियाकत व सास शकीला को सात-सात साल की सजा व दो-दो हजार के जुर्माने से दण्डित किया गया।

# चिलचिलाती गर्मी शुरू, सुरक्षा ही स्वस्थ रहने की गारंटी

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** मौसम में जारी बदलाव के बीच इन दिनों गर्मी का प्रचंड रूप वेस्ट यूपी समेत मुजफ्फरनगर में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। ऐसे में गर्मी ने जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त करना भी शुरू कर दिया है। बीते कई दिनों से जारी गर्मी की दस्तक के बीच अप्रैल माह में गुरूवार को अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ऐसे में भीषण गर्मी व लू के थपेड़ों से लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है।

इन्हीं हालातों के बीच गुरूवार को मौसम में जारी बदलाव के बीच सुबह से गर्मी ने लोगों का हाल-बेहाल करना भी शुरू कर दिया है। ऐसे में बढ़ती गर्मी की तपिश और लू के थपेड़ों ने लोगों को घरों में रहने को मजबूर कर दिया है। घर से बाहर जरूरी काम होने पर ही लोग अपने शरीर को सूती कपड़े से पूरी तरह ढककर निकलने को विवश होने लगे हैं। वहीं इस बढ़ती गर्मी से बाजारों में भी ग्राहक नदारद होने लगे हैं। दोपहर के समय तो बाजार पूरी तरह से सूना होने लगा है। शहर के लोग सामान लेने के लिए शाम पांच बजे के बाद ही बाजार में निकल रहे हैं। इसके साथ ही गर्मी के चलते शहर के आसपास के ग्रामीण इलाकों से लोग बाजार में सामान लेने के लिए बामुश्किल आ रहे हैं। लू के थपेड़ों से बचने के लिए स्कूल-कॉलेज व बाजार जाने वाली युवतियां व महिलाएं गर्मी की दस्तक के बीच मुंह को पूरी से ढक कर चलने को मजबूर हो रही हैं। वहीं कुछ महिलाएं व युवतियां गर्मी से बचने के लिए छाता लेकर निकलती देखी गई। बढ़ती सूरज की तपिश के कारण स्कूल जाने वाले बच्चे भी बहुत परेशान हैं।



**इन्होंने कहा-**

**"बढ़ती गर्मी में बीमारियों और उनसे बचाव के लिए अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. योगेन्द्र त्रिखा ने बताया कि गर्मी में फंगल इंफेक्शन, एलर्जी, खुजली, फुंसी- फोड़ा, त्वचा रोग, उल्टी-दस्त, बुखार, सिर दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि गर्मी से बचाव के लिए ताजे व ठंडे पानी से नहाएं। साफ, सूखे व सूती कपड़े पहने। पसीने में कपड़े भीग जाने पर उन्हें बदल कर दूसरे साफ कपड़े पहनें। त्वचा रोग होने पर खुद ही किसी दवाई का प्रयोग न करें। चिकित्सक की सलाह पर ही दवाई लें। पानी की बोतल साथ रखें और थोड़ी-थोड़ी देर के बाद पानी पीते रहें।"**

## रामपुर तिराहा कांड से जुड़े मामले में अब 24 अप्रैल को सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** गुरूवार को रामपुर तिराहा कांड से जुड़े सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। आपको बता दें कि 1 अक्टूबर 1994 की रात को अलग राज्य की मांग को लेकर दिल्ली जा रहे उत्तराखण्ड के आन्दोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था, जिसके बाद पुलिस के साथ आन्दोलनकारियों की नोक-झोक हुई तो पुलिस ने फायरिंग कर दी, जिसमें सात लोगों की मौत हो गयी। इसके साथ ही महिलाओं ने छेड़छाड़ व दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप भी पुलिस पर लगाए। सीबीआई की ओर से कोर्ट के आदेश पर सात मुकदमें दर्ज कराए गए थे, जिसमें सरकार बनाम बृजेश किशोर व सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले की सुनवाई एसीजेएम प्रथम देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है। गुरूवार को मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। सुनवाई के लिए अब 24 अप्रैल तिथि नियत हुई है।

## उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा बना देश में रक्षा विनिर्माण का प्रमुख केंद्र

**लखनऊ, 17 अप्रैल (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा 2018 में स्थापित और विकसित उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) राज्य को रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण के प्रमुख केंद्र में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। छह नोड्स कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में रणनीतिक रूप से फैला यह गलियारा रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने के लक्ष्य को पूरा करता है। यूपीडा की 19 मार्च की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, यूपीडीआईसी को अब तक 28 हजार 761.88 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई करीब 2001 हेक्टेयर भूमि में से 923.24 हेक्टेयर उद्योगों को आवंटित की गई है। वर्तमान में, 57 कंपनियों को रक्षा गलियारे के छह नोड्स में भूमि आवंटित की गई है। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि कई प्रमुख कंपनियों ने वाणिज्यिक उत्पादन भी शुरू कर दिया है, जिनमें प्रमुख अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी एकीकृत गोला-बारूद सुविधा स्थापित करने के लिये कानपुर में 1,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

अमितेक इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (330 करोड़) और वेरीविन डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड (65 करोड़) अब अलीगढ़ में चालू हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, सैटेलाइट सिस्टम और छोटे हथियारों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा कानपुर में, आधुनिक मैटेरियल एंड साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड (35 करोड़) और ए.आर पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड (48 करोड़) रक्षा वस्त्र और बैलिस्टिक-ग्रेड पॉलिमर सामग्री का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होने बताया कि कॉरिडोर की सफलता का श्रेय औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई प्रमुख पहलों को जाता है। 24 जनवरी को लॉन्च की गई यूपी एएंडडी यूनिट रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 का उद्देश्य रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में रोजगार सृजन में तेजी लाना है। इसके अतिरिक्त, 400 करोड़ रूपये की लागत वाली रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना (डीटीआईएस) कानपुर और लखनऊ में उन्नत परीक्षण सुविधाओं का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

# बेटी को इंसाफ दिलाने की खातिर घेरा एसएसपी दफ्तर

## इंसाफ न मिलने का आरोप, दिया धरना, अपहरण के बाद की गई थी हत्या

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** जनपद के पुरकाजी थाना क्षेत्र के एक गांव की बेटी की हत्या के मामले में न्याय की मांग करते हुए कश्यप समाज क्रांति मिशन संगठन ने पीड़ित परिवार के साथ एसएसपी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करते हुए विरोध दर्ज कराया। धरने पर बैठे लोगों ने एसएसपी से कश्यप समाज पर बढ़ रहे अत्याचारों को रोकने के साथ पीड़ित परिवार की मदद किए जाने की मांग की।

बीते फरवरी 2025 की घटना में आरोपियों द्वारा पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव बुच्चा बस्ती निवासी पीड़िता का अपहरण किए जाने के बाद उसे अगले दिन झबरेड़ा के अस्पताल में गंभीर हालत में पाया गया था। वहीं उसकी मौत हो गई। पुरकाजी थाने में मुकदमा दर्ज है, लेकिन अभी तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए हैं। इस मामले में परिजनों का आरोप है कि आरोपी पक्ष के लोग शराब पीकर उन्हें परेशान करते हैं। वे धमकियां देते हैं और कहते हैं कि उनकी बेटी को मार दिया, फिर भी अब तक उनका कुछ नहीं बिगड़ा। गुरूवार को कश्यप समाज क्रांति मिशन के प्रदेश अध्यक्ष अंकित कश्यप, प्रदेश प्रवक्ता रामधन सिंह एड. और जिलाध्यक्ष सोनू कश्यप ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने की मांग की। धरने पर इस दौरान ककरौली थाना क्षेत्र के ढांसरी गांव के सौराज ने भी एक अलग मामले में पुलिस कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन पर आरोपियों के प्रति नरम रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद आरोपियों पर कोई कार्रवाई न होना चिंता का विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो अपने हक और सम्मान की खातिर कश्यप समाज उग्र आंदोलन किए जाने को विवश होगा। पीड़ित परिवार ने कहा कि वे डर के साये में जी रहे हैं। उन्होंने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मनोज, अनुज, संतराम, प्रदीप, बिट्टू, मुनेश, संजीव, बबलू, मेहरबान अली, पवन, राजेश, गौरव, अशोक समेत बड़ी संख्या में कश्यप समाज के लोग धरने पर मौजूद रहे।

## राबर्ट वाड्रा से ईडी ने लगातार तीसरे दिन की पूछ-ताछ

**नयी दिल्ली, 17 अ